**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 26.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रशासन की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किए जा रहे हैं।
2. भारतीय रिजर्व बैंक ने शहरी और ग्रामीण सहकारी बैंकों के निदेशकों के लिए नए संशोधित दिशा–निर्देश जारी किए हैं।
3. भारतीय तेल निगम पूरे द्वीप समूह में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए हुए है।
4. एम वी कैंपबेल बे दो जून शाम चार बजे कोलकाता से श्री विजयपुरम के लिए प्रस्थान करेगा।

<><><><><><><>

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रशासन की ओर से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किए जा रहे हैं, जिसमें 21 जून को आयोजित होने वाला योग दिवस शामिल है। कार्यक्रमों में जंगलीघाट स्थित आयुष अस्पताल में प्रशिक्षकों के लिए प्रशिक्षण, राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल में आज सुबह 8 बजे तक हेरिटेज योग, 28 मई को सुबह 10 बजे से प्रातरापुर जेल में कैदियों के लिए योग सत्र, 30 मई को शाम पांच बजे से मरीना पार्क में चंद्र नमस्कार, चिड़ियाटापू में 6 जून शाम साढ़े तीन बजे से बीच योग, स्ट्रेट आइलैंड में 10 जून को जनजातीय योग शिविर, बम्बूफ्लाट में 12 जून तथा जंगलीघाट और भातुबस्ती में 13 जून को सुबह 10 बजे से फ्लैश मॉब, 17 जून को सीआरसी, ब्रुक्शाबाद में ऑटिस्टिक बच्चों के लिए योग सत्र जैसी गतिविधियां शामिल है। 21 जून सुबह 7 बजे से द्वीपसमूह के विभिन्न स्थानों पर सामूहिक योग प्रदर्शन किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ. नंदिनी से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक– आरबीआई ने शहरी और ग्रामीण सहकारी बैंकों के निदेशकों के लिए नए संशोधित दिशा–निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत लगातार दस वर्ष तक बोर्ड में रहने वाले निदेशकों के लिए विराम अवधि लागू की गई है। इन संशोधन निर्देशों में आरबीआई शहरी सहकारी बैंक शासन संशोधन निर्देश– 2026 और ग्रामीण सहकारी बैंक शासन संशोधन निर्देश– 2026 शामिल हैं। आरबीआई ने कहा कि यह कदम सहकारी बैंकों में बेहतर प्रशासन व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

<><><><><><><>

दिल्ली के लाल किला मैदान में जनजाति सांस्कृतिक समागम के अवसर पर गृहमंत्री अमित शाह ने लगभग 1.5 लाख जनजातियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह समागम जनजातियों के महाकुंभ के नाम से जाना जाएगा। गृह मंत्री ने कहा कि यह सांस्कृतिक समागम आने वाले अनेक वर्षों तक जनजातियों के अस्तित्व , अस्मिता और संस्कृति के आंदोलन को नई पहचान देने के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा के जल, जंगल जमीन को संरक्षित करने के प्रयास को सार्वभौमिक बताया। वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह ने कहा कि बिरसा समस्त जनजातियों के भगवान रूपी आदर्श पुरुष है। उन्होंने कार्यक्रम को जनजाति समाज के लिए कुंभ की संज्ञा प्रदान की। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम का

आयोजन भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित किया गया। इसमें अंडमान निकोबार द्वीप समूह से विशेष प्रतिनिधिमण्डल उपस्थित थे।

<><><><><><>

पहाड़गाँव थाना ने डॉलीगंज कब्रिस्तान में हुए कत्ल के मामले को सुलझा लिया है। सूचना के अनुसार पीड़ित और आरोपियों के बीच कहासुनी हुई, जिसके दौरान आरोपियों ने पीड़ित के साथ मारपीट की। 36 वर्षीय वी शंकर के बेहोश हो जाने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही थाना पहाड़गाँव में प्राथमिकी दर्ज कर तुरंत जांच शुरू की गई। पुलिस ने एक विशेष जांच दल का गठन दो संदिग्धों की पहचान की। पूछताछ के दौरान, मायाबंदर निवासी के. कृष्णा और हटबे निवासी सागर कुमार खाखा ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। यह पूरा मामला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर साहिल शमसुद्दीन शम्सुद्दीन के नेतृत्व में सुलझाया गया।

<><><><><><>

भारतीय तेल निगम ने कहा है कि तेल और गैस क्षेत्र को प्रभावित करने वाली मौजूदा वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, पूरे द्वीप समूह में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए हुए है। द्वीपसमूह के सभी पेट्रोल पंपों पर निर्धारित सुरक्षा और परिचालन मानदंडों के अनुसार, बिना किसी मात्रात्मक प्रतिबंध के सामान्य रूप से ईंधन का वितरण जारी है। नागरिकों तक निर्बाध ऊर्जा पहुंच सुनिश्चित करने के लिए इंडियन ऑयल सभी स्तरों पर इसकी निरंतर निगरानी कर रहा है। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपनी आवश्यकता के अनुसार सामान्य रूप से ईंधन खरीदने और ईंधन की उपलब्धता के संबंध में सत्यापित जानकारी के लिए इंडियन ऑयल के आधिकारिक संचार पर ही भरोसा करने की अपील की है।

<><><><><><>

एम वी कैंपबेल बे दो जून शाम चार बजे कोलकाता से श्री विजयपुरम के लिए प्रस्थान करेगा। इस यात्रा के लिए टिकट आज सुबह नौ बजे से जारी किए जाएंगे। टिकटों की बुकिंग ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से की जा सकती है। इसके अलावा, टिकट स्टार्स टिकटिंग काउंटर से भी खरीदे जा सकते हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए क्यू आर कोड भी उपलब्ध है।

<><><><><><>

पुडुचेरी विश्वविद्यालय ने मई/जून परीक्षा– 2026 की समय सारणी जारी कर दी है। इसके अनुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति की परीक्षाएं 29 मई से, स्नातकोत्तर की परीक्षा पहली जून, जबकि सीबीसीएस की परीक्षाएं 3 जून से शुरू होंगी। इस संबंध में, सभी छात्रों को कॉलेज के प्रवेश एवं परीक्षा शाखा से अपना हॉल टिकट प्राप्त करने को कहा गया है। इसके अलावा छात्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर समय–सारणी देख सकते हैं।

<><><><><><>

भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने खतरनाक और अन्य कचरे के सुरक्षित प्रबंधन के लिए (प्रबंधन और सीमा पार संचलन) नियम, 2016 अधिसूचित किए हैं। इन नियमों के तहत, खतरनाक कचरे को उत्पन्न करने वाले, उसका रख–रखाव करने वाले, संग्रहकर्ता, प्राप्तकर्ता, प्रसंस्करणकर्ता और परिवहनकर्ता को कचरे का उचित भंडारण, पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण, उपयोग और निपटान सुनिश्चित करने को कहा गया है। ऐसी सभी संस्थाओं को नियमों के तहत

प्राधिकरण प्राप्त करना आवश्यक है। साथ ही, जल और वायु अधिनियमों के तहत स्थापना की सहमति और संचालन की सहमति प्राप्त करना भी अनिवार्य है। द्वीपसमूह के भीतर ऐसी गतिविधियों में लगी सभी इकाइयों को ANPCC के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवश्यक प्राधिकरण प्राप्त करना होगा। उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने सभी हितधारकों से निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है।

**<><><><><><><>**

अंडमान निकोबार द्वीप समूह में एक या दो स्थानों पर वर्षा होने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति 40–50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेंगी। मौसम विभाग के अनुसार 29, 30 और 31 मई को द्वीपों के एकाध स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। खराब मौसम को देखते हुए मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

**<><><><><><><>**

**समाचार पत्रों की सुर्खियां**

**द डेली टेलीग्राम्स** ने राष्ट्रपति द्वारा पद्म पुरस्कार प्रदान करने के समाचार को अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। **द्वीप समाचार** ने भी इस खबर को प्रमुखता दी है। इसके अलावा अखबार ने वाइस एडमिरल अजय कोच्छर के भाारतीय नौसेना में वाइस चीफ ऑफ द नेवल स्टाफ का पदभार ग्रहण करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। **अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेज़ी** ने शिवापुरम ग्राम प्रधान द्वारा अस्सी से अधिक उम्र के पेंशनधारकों के लम्बित पड़े पेंशन जारी करने को लेकर उठाए गए मांग के समाचार को अखबार में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया में अंतराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाए जाने के समाचार को अपनी पहली खबर बनाई है। जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने द्वीपसमूह–कोलकाता के बीच नियमित जहाज सेवा बहाल करने की मांग के समाचार को प्रमुखता दी है।

**<><><><><><><>**